समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# गोगामेड़ी मेला 2025 की तैयारियां शुरू, 9 अगस्त से उमड़ेगा आस्था का सैलाब।

Publisher Published on 09 Jun 2025



## जिला प्रशासन ने की पहली बैठक, इस बार पहली बार टेटं सिटी, सुरक्षा व सुविधा के पुख्ता इंतज़ाम।

संवाददाता,हनुमानगढ़,राज

स्थान

**हनुमानगढ़,राजस्थान :** उत्तर भारत के सबसे बड़े सांप्रदायिक सौहार्द्र के प्रतीक **गोगामेड़ी मेले** की तैयारियाँ इस वर्ष भी पूरे उत्साह और भव्यता के साथ प्रारंभ हो गई हैं। **गोगामेड़ी मेला 2025** का यह ऐतिहासिक आयोजन **9 अगस्त 2025** से आरंभ होगा और **भाद्रपद मास** तक चलेगा।

मेले की व्यवस्थाओं को लेकर शुक्रवार को **गोगामेड़ी ग्राम पंचायत** सभागार में पहली पूर्व बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता **जिला कलेक्टर श्री काना राम** एवं **पुलिस अधीक्षक श्री हरि शंकर** ने की। बैठक में **कानून-व्यवस्था, यातायात, पेयजल, चिकित्सा, स्वच्छता** और **सुरक्षा व्यवस्थाओं** सहित तमाम पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श हुआ।

**गोगाजी महाराज की समाधि पर पूजा और पौधरोपण**

बैठक से **पूर्व जिला कलेक्टर** एवं **एसपी ने गोगाजी महाराज** की समाधि पर पूजा-अर्चना कर परिसर का निरीक्षण किया। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया।

इस अवसर पर **जिला कलेक्टर श्री काना राम** ने कहा कि **जनसहभागिता** और **विभागीय समन्वय** के जरिए मेले को और अधिक **सुव्यवस्थित** और **श्रद्धालु-हितैषी** रूप में आयोजित किया जाएगा। प्रवेश रूट के स्वरूप में बदलाव का प्रस्ताव भी रखा गया, जिससे श्रद्धालुओं का अनुभव बेहतर हो सके।

### 25 लाख से ज्यादा श्रद्धालु करेंगे गोगाजी के दर्शन

हर वर्ष **गोगामेड़ी** मेले में देशभर से करीब **25 लाख श्रद्धालु गोगाजी महाराज** के दर्शन हेतु पहुंचते हैं। इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए प्रशासन ने इस बार कई नई सुविधाओं का निर्णय लिया है:

१. **अतिरिक्त पार्किंग व्यवस्था**
२. **स्वच्छता युक्त शौचालय**
३. **बेहतर मोबाइल नेटवर्क के लिए अतिरिक्त टावर**
४. **निशुल्क पंडालों की व्यवस्था**
५. **पहली बार टेटं सिटी का निर्माण — 5000 श्रद्धालुओं के ठहरने की सुविधा**
६. **खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर निगरानी हेतु फूड इंस्पेक्टरों की टीम**

### नगर पालिका को अधिक जिम्मेदारी, सुरक्षा व्यवस्था होगी चाक-चौबंद

इस बार साफ-सफाई के कार्यों के लिए **ग्राम पंचायत** के बजाय नगर पालिका को अधिक जिम्मेदारी सौंपी जा रही है, जिससे तकनीकी दक्षता और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित हो सके।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी प्रशासन सतर्क है। यातायात **व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं** और **भीड़ प्रबंधन** हेतु विस्तृत योजना बनाई गई है।

### प्रमुख जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

इस बैठक में **भादरा विधायक श्री संजीव बेनीवाल, प्रधान श्री सोहन ढील, एडीएम नोहर श्रीमती संजू पारीक, एसडीएम श्री पंकज गढ़वाल, सहायक आयुक्त श्री ओमप्रकाश** सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**सहायक आयुक्त ओमप्रकाश** ने बताया कि **जिला कलेक्टर** के निर्देशों के अनुरूप **गोगामेड़ी मेला 2025** को **सफल, सुव्यवस्थित** और **श्रद्धालु** केंद्रित बनाने हेतु सभी विभाग संयुक्त प्रयास कर रहे हैं।

### गोगामेड़ी मेला : धार्मिक आस्था और सांप्रदायिक सौहार्द्र का प्रतीक

**गोगामेड़ी मेला** न केवल एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह **सांप्रदायिक सौहार्द्र** और **सामाजिक समरसता** का भी उदाहरण है, जहां हिंदू और मुस्लिम श्रद्धालु एक साथ आस्था का पर्व मनाते हैं।

इस वर्ष का आयोजन **प्रशासनिक समर्पण** और **जनभागीदारी** के साथ और अधिक गरिमामयी होने की ओर अग्रसर है।

**– संवाददाता : राजेश चौधरी**
**समाचार वाणी, गोगामेड़ी तहसील भादरा, जिला हनुमानगढ़, राजस्थान**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.